स्वास्थ्य विभाग और टाटा ट्रस्ट ने मिलकर राज्य के 23 शहरी पीएचसी को बनाया मॉडल हमर अस्पताल

चर्चा में क्यों?

28 जून, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और टाटा ट्रस्ट की सहयोगी संस्था सीआईएनआई **(Collectives for Integrated Livelihood Initiatives)** ने मिलकर प्रदेश के 23 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को मॉडल हमर अस्पताल के रूप में विकसित किया है।

प्रमुख बिंदु

- इन मॉडल हमर अस्पताल से स्थानीय लोगों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ मिल रही हैं। इन 23 में से 14 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) प्रमाण पत्र से नवाज़ा जा चुका है।
- टाटा ट्रस्ट ने नवा रायपुर के श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के साथ मिलकर जन्मजात हृदय रोगों **(Congenital Heart Disease)** से पीड़ित बच्चों की स्क्रीनिंग एवं इलाज में भी सहयोग प्रदान किया है। ट्रस्ट के सहयोग से एक हज़ार बच्चों के ऑपरेशन हुए हैं।
- ट्रस्ट की मदद से चार शहरों जगदलपुर, बिलासपुर, राजनांदगाँव और रायपुर में जन्मजात हृदय रोगों के स्क्रीनिंग सेंटर भी संचालित हो रहे हैं।
- सीआईएनआई द्वारा छत्तीसगढ़ में संचालित मॉडल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और टाटा ट्रस्ट की सीएचडी परियोजना का समापन कार्यक्रम आज नवा रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित किया गया।
- अस्पताल स्टॉफ के लिये 'वर्कप्लेस हैप्पीनेस **(Workplace Happiness)**' पर कार्यशाला के साथ ही 'शहरी आबादी के बीच प्रायमरी हेल्थ केयर'विषय पर पैनल डिस्किशन भी इस दौरान आयोजित किया गया।
- कार्यक्रम में सीआईएनआई द्वारा तैयार छत्तीसगढ़ में आदर्श हमर अस्पताल परियोजना पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।
- विदित है कि राज्य शासन के साथ साझेदारी में टाटा ट्रस्ट द्वारा छत्तीसगढ़ हेल्थ सिस्टिम्स स्ट्रेंथनिंग इनिशिएटिव **(Chhattisgarh Health Systems Strengthening Initiative)** के अंतर्गत वर्ष 2019 से मॉडल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परियोजना संचालित की जा रही थी।
- इसके तहत राज्य के 23 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बच्चों के अनुकूल मॉडल टीकाकरण कक्ष, रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य केंद्र, डिजिटल तकनीकों के उपयोग, फॉर्मेसी सुदृढ़ीकरण, जाँच व दवाईयों की संख्या बढ़ाने तथा वहाँ कार्यरत स्टॉफ की कार्यदक्षता बढ़ाकर मॉडल हमर अस्पताल के रूप में विकसित किया गया है।
- राज्य के अन्य शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी इसी तर्ज पर मॉडल हमर अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा। टाटा ट्रस्ट ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सभी के लिये सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत जन्मजात हृदय रोगों (सीएचडी) से पीड़ितों की शीघ्र पहचान और उपचार के लिये भी श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के साथ मिलकर काम किया है।
- मॉडल हमर अस्पताल के रूप में विकसित अस्पताल-
  - रायपुर के भनपुरी, भाठागाँव, लाभांडी, राजातालाब, गुढ़ियारी, आमासिवनी, मठपुरैना, हीरापुर, कांशीराम नगर, देवपुरी और गोगाँव शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
  - दुर्ग ज़िले के बैकुंठधाम, न्यू खुर्सीपार, पोटिया कला और चरोदा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
  - बिलासपुर ज़िले के गांधी चौक और राजकिशोर नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
  - कोरबा ज़िले के ढोढ़ीपारा और गोपालपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
  - कबीरधाम ज़िले का बूढ़ा महादेव शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
  - अंबिकापुर ज़िले का नवापारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
  - कांकेर ज़िले का श्री राम नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,
- उपरोक्त में से भनपुरी, भाठागाँव, राजातालाब, आमासिवनी, मठपुरैना, हीरापुर, चरोदा, गांधी चौक और राजकिशोर नगर, ढोढ़ीपारा और गोपालपुर, बूढ़ा महादेव, नवापारा, तथा श्री राम नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) प्रमाण-प प्रदान किया गया है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/health-department-and-tata-trust-together-made-23-urban-phcs-of-the-state-adarsh-humar-aspatal